जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि अंतर्गत गायन एवं नृत्य प्रस्तुति

बघेली गायन, नौरता व मटकी लोकनृत्य ने मनमोहा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 11 अक्टूबर को सायं 6 बजे से सुश्री रमा दुबे एवं साथी, भोपाल द्वारा बघेली गायन , सुश्री दुर्वा नामदेव एवं साथी, सागर द्वारा नौरता नृत्य और सुश्री तृसि नागर एवं साथी, उज्जैन द्वारा मटकी नृत्य की प्रस्तुति का संयोजन किया गया। गतिविधि में सुश्री रमा दुबे एवं साथी, भोपाल द्वारा बघेली गायन में गणेश वंदना - भुंईयां मा लोटत आमए गजानन...,देवी गीत- मौरे मैया के ऊंच मढुलिया विराजी पहड़िया..., मौरे राम के कोमल पांव कंकड़ गड़ि जइएं...,चले आवा मौरे राजा महलिया म...,ककना के जोरी दोहरिया हो, नदी नारे विसर गए..., भगत - हम ता पैर के धूल हो, ओ मैय्या दया न छोड़े...,जैसे अन्य कई गीतों की प्रस्तुति दी।

बुन्देलखण्ड अंचल में नवरात्रि के अवसर पर कुँवारी कन्यायें इसका आयोजन करती हैं। यह पूरे नौ दिन तक चलता है। घर के बाहर एक अलग स्थान पर नौरता बनाया जाता है। गाँव में रंगों की जगह गेरू, सेम के पत्तों का रंग, हलदी तथा छुई का प्रयोग मुख्य रंग इतने ही होते हैं। नौरता में सुअटा, चंदा सूरज तथा नीचे रंगीन लाइनें बनाई जाती हैं। कई घरों में नौरता जहाँ बनता है, वहाँ पर आकर्षक बाउण्ड्री बनायी जाती है। नौरता पर नौ दिन अलग-अलग ढंग से चैक बनाये जाते हैं। कुँवारी कन्यायें अच्छे जीवनसाथी की मनोकामना के लिए नौरता नृत्य करती हैं।

मालवा में मटकी नृत्य का अपना अलग परम्परागत स्वरूप है। विभिन्न अवसरों पर मालवा के गाँव की महिलाएँ मटकी नृत्य करती हैं। ढोल या ढोलक को एक खास लय जो मटकी के नाम से जानी जाती है, उसकी थाप पर महिलाएँ नृत्य करती हैं। प्रारम्भ में एक ही महिला नृत्य करती है, इसे झेला कहते हैं। महिलाएँ अपनी परम्परागत मालवी वेशभूषा में चेहरे पर घूँघट डाले नृत्य करती हैं। नृत्य करने वाली महिला पहले गीत की कड़ी उठाती है, फिर आसपास की महिलाएँ समूह में कड़ी को दोहराती हैं। नृत्य में हाथ और पैरों में संचालन दर्शनीय होता है। नृत्य के केंद्र में ढोल होता है। ढोल पर मटकी नृत्य की मुख्य ताल है। ढोल किमची और डण्डे से बजाया जाता जाता है। मटकी नृत्य को कहीं-कहीं आड़ा-खड़ा और रजवाड़ी नृत्य भी कहते हैं। जनजातीय संग्रहालय में आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा।

माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना

झूठ बोलने, क्रोध करने और घर में क्लेश करने से बचना चाहिए



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नवरात्रि के दौरान देवी पूजा और दर्शन का विशेष महत्व है। इन दिनों झूठ बोलने, क्रोध करने और घर में क्लेश करने से बचना चाहिए। महिलाओं का सम्मान करने, गुरु और उनके उपदेशों का आदर करने तथा साथियों के साथ अच्छा व्यवहार रखने की सलाह दी जाती है। देवी की आराधना करने वाले भक्तों को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए और माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। इन नौ दिनों में देवी पूजा के साथ श्रीरामचरितमानस का पाठ भी किया जा सकता है।

देवी मंदिरों में दर्शन के दौरान नारियल, लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, लाल फूल और कुमकुम अर्पित करने की परंपरा है। श्रद्धालु मंत्रों का जाप करते हुए पूजा कर सकते हैं। मंत्र नहीं मालूम होने पर मां दुर्गा के नामों का जाप भी किया जा सकता है।

शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। श्रद्धालु घरों में घटस्थापना कर दीप प्रज्वलित करेंगे और मंत्र जाप, दुर्गा चालीसा तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। कई भक्त नौ दिनों तक व्रत रखकर मां की आराधना करेंगे। पूजा में सात्विक आहार और आचरण का विशेष महत्व माना जाता है। प्रत्येक दिन मां के अलग-अलग स्वरूप की पूजा के साथ भोग अर्पित करने की परंपरा है।

18 अक्टूबर को महाअष्टमी, 19 अक्टूबर को दुर्गा महानवमी और 20 अक्टूबर को विजयादशमी यानी दशहरा मनाया जाएगा। नवरात्रि के अंतिम दिनों में मंदिरों में विशेष पूजन और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालु सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ मां दुर्गा की आराधना करेंगे। महंगाई के बावजूद श्रद्धालुओं में भक्ति की कमी नहीं है। बड़ी संख्या में मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। पहले जो सामग्री 50 रुपये में मिलती थी, अब उसके लिए 75 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद श्रद्धालु प्रतिमाएं लेने के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं. J800080594, आवेदन क्रमांक-13474,
आवेदन दिनांक-08/10/2026

क्रमांक 2384 / राजस्व / भौविप्रा /26 भोपाल
दिनांक: 08/10/2026
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की एयरो सिटी फेस-2 योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 594 सेक्टर सी, श्री स्वदेश त्रिवेदी आ.श्री बृजमोहन त्रिवेदी के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री स्वदेश त्रिवेदी के द्वारा उक्त भूखण्ड को श्री इरफान अब्दुल करीम आ. श्री करकाला अब्दुल हफीज को विक्रय करने की अनुमति चाहा है, लेकिन श्री इरफान अब्दुल करीम के द्वारा अपना मुख्तारआम श्री ज़ैन हुसैन आ. श्री सैय्यद मो. हुसैन को नियुक्त किया है। मुख्तारआम श्री जैन हुसैन के द्वारा प्राधिकरण हस्तांतरण हेतु अनुमति चाही गई है।

उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

15 हजार सीमेंट की बोरियों से बनाई मां दुर्गा की आकृति



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नवरात्रि और दुर्गा पूजा 2026 के अवसर पर अदाणी सीमेंट ने मध्य प्रदेश के कैमोर स्थित प्लांट में 15 हजार सीमेंट की बोरियों से मां दुर्गा की विशाल आकृति तैयार की है। 'जहां विश्वास, वहां शक्ति' अभियान के तहत बनाई गई इस आकृति में अंबुजा सीमेंट और एसीसी की बोरियों का इस्तेमाल किया गया। इसका कुल वजन 750 टन है और यह 70म70 फीट क्षेत्र में तैयार की गई है। इसे बनाने में लोगों ने कुल 12,600 घंटे काम किया।

इस रचना की खासियत यह है कि जमीन से देखने पर बोरियां अलग-अलग दिखाई देती हैं, जबकि आसमान से मां दुर्गा का भव्य स्वरूप नजर आता है। मुकुट, आंखें और दस भुजाओं सहित पूरी आकृति को बोरियों को सटीक तरीके से सजाकर बनाया गया है। कंपनी ने इस अनूठी पहल को डिजिटल फिल्म के माध्यम से अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर साझा किया है।

अभियान में एसीसी की भरोसे की विरासत और अंबुजा सीमेंट की मजबूती को मां दुर्गा की शक्ति और रक्षा के प्रतीकात्मक स्वरूप से जोड़ा गया है।

धीरेंद्र शास्त्री ने सनातन हिंदू एकता रथयात्रा निकाली, किया स्वागत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा 3.0 रविवार को पन्ना जिले के अजयगढ़ पहुंची। यात्रा में 200 से अधिक वाहन शामिल रहे। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जेसीबी और बुलडोजर से फूल बरसाकर स्वागत किया। यात्रा में कार, बस, ऑटो और बाइक सवार भी शामिल हुए।

यात्रा के दौरान पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि चाहे कितने भी विरोधी सामने आएं, प्राण चले जाएं, लेकिन धर्म नहीं छोड़ना चाहिए। अजयगढ़ पहुंचकर उन्होंने अपने सात संकल्प भी दोहराए। उन्होंने कहा कि सनातन की रक्षा के लिए वे सभी संभव प्रयास करेंगे। रथयात्रा में संत राजूदास महाराज भी शामिल रहे। उन्होंने पंडोखर सरकार से यात्रा का विरोध नहीं करने की अपील की। वहीं, दामोदर यादव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने विवादित बयान दिया।

यात्रा के अजयगढ़ पहुंचने से पहले रास्ते में कई गांवों में श्रद्धालु घंटों इंतजार करते रहे। झिनना गांव में ग्रामीण चार से पांच घंटे तक यात्रा के स्वागत के लिए डटे रहे। ग्वालियर निवासी गोविंद पंडित भी साइकिल से यात्रा में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने बताया कि पिछली दो यात्राओं में भी वे साइकिल से आए थे। यात्रा के निर्धारित मार्ग पर हरसा-बघोआ रोड के रपटे में पानी के बहाव से गड्ढे हो गए थे। राहगीरों ने पत्थर डालकर उन्हें भरने की कोशिश की, ताकि यात्रा के वाहनों को परेशानी न हो। अजयगढ़ पहुंचने के बाद यात्रा के आगे के कार्यक्रम निर्धारित किए गए। भोपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होने पहुँच रहे हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुनील कुमार आत्मज दामोदर, निवासी ग्राम निभौरा, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम मप्र का निवासी हूं। मेरे पुत्र यश नागवंशी का आधार नंबर 572385613057 है। यश नागवंशी के आधार कार्ड में त्रुटिवश शिवम नागवंशी दर्ज हो गया है, जो की गलत है। जबकि उसके अन्य दस्तावेज अंकसूची, जन्म प्रमाण-पत्र में यश नागवंशी ही दर्ज है। इसलिए आधार कार्ड में भी मेरे पुत्र का नाम यश नागवंशी दर्ज किया जाए। भविष्य में मेरा पुत्र यश नागवंशी के नाम से ही जाना, पहचाना व दर्ज किया जाए।

AG

सूडोकु नवताल- 7928

सरल

3	9			1	4			2
1	2		6		3		5	
		5		8	7			9
	7			6	9			8
2	1			5			4	6
4			3	2			9	
9			8	4		5		
	6		9		5		2	4
8			1	7			6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.


■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7927 का हल


6	9	2	3	7	4	5	8	1
3	8	5	6	2	1	7	4	9
7	4	1	8	9	5	6	2	3
2	3	9	5	4	6	8	1	7
1	7	4	9	8	3	2	6	5
5	6	8	7	1	2	9	3	4
4	5	7	1	6	8	3	9	2
8	2	3	4	5	9	1	7	6
9	1	6	2	3	7	4	5	8

काकुरो पहेली - 7601



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7600 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9009



बाएँ से दाएँ

1. दर्द से निकली कराह-2
2. ओट, चिलमन-3
4. जरा, थोड़ा-2
6. कपड़े की दीवार-3
7. निर्माण-3
8. झगड़ा, अनबन-3
9. गहन-3
10. लाज, लज्जा-3
11. रनिवास-3
13. 500 कागजों की गड्डी-2
14. विश्राम, राहत-3
15. थोड़ा-2
16. एक कीमती लकड़ी-3
17. कैनाल, अपनदी-3
18. बूंद-3
19. मृत्युंजय-3
20. गेंदा, बदरा-3
21. सम्राट, राजा-3
23. संपत्ति-2
24. विष, गरल-3
25. औषधि-2

ऊपर से नीचे


1. अग्नि, अनल-2
2. आश्रय, शरण-2
3. लौन, मगन-2
4. कूड़ा-कर्कट-3
5. इंकार-2
6. लेखनी, पेन-3
7. करुणा, दया-3
8. कर्म, भाग्य-3
9. उष्ण-3
10. भद्र, कुलीन-3
11. अवैध, नाजायज-3
12. युद्ध, रण-3
14. आश्रय-3
15. जलजला-3
16. ठंडा-3
17. नमस्कार, प्रणाम-3
18. कद, मान-3
19. जो कभी वृद्ध नो हो-3
20. चील, ईगल-2
21. पथ, मार्ग-2
22. इस पर रोटी सेंकते हैं-2

शब्द पहेली -9008 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली - 7440



ऊपर से नीचेः-

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन ?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमुता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुम्मा तुम्मा तक तक तुम्मा' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 7439

बं	दि	नी		पु		गैं	ब	ल	र
ध		ल	ल	का	र		ह्म		वी
न	सी	म		र		प	र	वा	ना
	मा		श		सु	र		सु	
आ		आ	शि	क		दे	वी		ह
ह	मे	शा		ह	व	स		स	त्या
	ला		आ	र	जू		खे	ल	
बे		ला	वा		द	स		मा	या
खु			न	जू		फ	र्ज		न
दी	वा	ने		ली	ड	र		टी	ना

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7534

2	1			6	5	4
	22	7	38		41	
3		1	2		6	
	32		30	3	35	2
6		2	5			7
4	32	5	30	2	24	
	3					6

Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7533 का हल

2	1	3	6	4	7	5
1	26	7	41	6	38	6
7	1	4	6	5	2	3
4	34	5	33	1	25	2
6	5	2	3	7	4	1
5	32	6	29	3	34	4
3	4	1	5	2	6	7

शब्दजाल - 8554

प्र	अ	मे	क	रा	म	रा	ज	र	प	म	
न	द	क	म	व	डो	ने	ग	ति	मा	हा	
अ	रा	र	ला	ण	ग	अं	द	ह	प	रा	
जी	ज	ल	का	रा	न	स	ध	ह	लि	ज	
त	अ	अ	र	ज	जा	मे	ह	का	न	दे	
अ	ना	का	र	व	प	धि	त	ह	र	वि	
ए	ख	रा	ज	व	अ	ला	रा	मा	न	रा	
त	न	भा	र	प	र्व	त	रा	ज	वि	ज	
रा	न	बा	अ	लं	का	र	ह	न	जू	दे	
ज	का	ति	मा	न	सिं	ब्रा	स्-	का	प	श	
बां	र	मे	घ	रा	ज	स	त्ता	प	र	र	

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'राज' लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

रामराज, रावणराज, मेघराज, राजाधिराज, एतराज, पर्वतराज, महाराज, विराज, दराज, स्वराज

शब्दजाल - 8553 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore